प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ रांची समेत देशभर में विरोध प्रदर्शन, रिम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज नौवें दिन भी जारी।

2- राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने कहा– सक्रिय राजनीति में रहते हुए नये अध्याय की करेंगे शुरुआत।

3- पलामू जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के 22 चोरों को किया गिरफ्तार, पलामू, गढ़वा और लातेहार की 21 चोरी की घटनाओं का किया खुलासा।

4- आंध्र प्रदेश में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में मणिपुर की टीम ने जीता खिताब, झारखंड की टीम बनी उप विजेता।

****

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ रांची समेत देशभर में चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इधर रांची स्थित रिम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज नौवें दिन भी जारी रही। इस दौरान ओपीडी सेवा से लेकर सर्जरी तक बंद है, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही गंभीर मरीजों को मिल रही है। दूसरी ओर एआरटी सेंटर, डाट सेंटर और बच्चों के इम्यूनाइजेशन सेंटर को खोल दिया गया है। बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कल मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

****

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से निर्देश मिलने के बाद प्रशासनिक सेवा में लैटरल एन्ट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द कर दिया है। इस मुद्दे पर सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लैटरल एन्ट्री के निर्णय को आरक्षण के सिद्धांतों से जोड़ने के पीछे प्रधानमंत्री की सामाजिक न्याय के प्रति वचनबद्धता व्यक्त होती है।

****

राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन कल रात सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत जिलिंगोडा स्थित अपने आवास पहुंचे। यहां देर रात समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे राजनीति में सक्रिय रहेंगे और नये अध्याय की शुरुआत करेंगे।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद ट्रेनिंग विमान पटमदा थाना क्षेत्र के आमदा पहाड़ी इलाके में पहाड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान की तलाश में चांडिल डैम और आसपास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम पिछले 12 घंटे से अधिक समय से विमान की तलाश कर रही है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि इस विमान ने दोपहर करीब एक बजे सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और लगभग 15 मिनट बाद ही इसका एयर ट्रैफिक कंट्रोलर–एटीसी से संपर्क टूट गया।

****

पलामू जिले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के 22 चोरों को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी के जेवरात खरीदने वाले एक सोनार को बिहार के गया से गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने पलामू, गढ़वा और लातेहार की 21 चोरी की घटनाओं का खुलासा कर लिया है। इस गिरोह में कुल उनसठ लोग शामिल हैं। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि पलामू प्रमंडल के शहरी क्षेत्र में पिछले दिनों चोरी की घटना में वृद्धि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

****

ओडिशा पुलिस ने राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में सिम बॉक्स रैकेट का खुलासा किया । इस छापेमारी में पुलिस को आठ सिम बॉक्स मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। एक बॉक्स में 256 सिम होते हैं। इसका इस्तेमाल साइबर अपराधी, आतंकवादी संगठन और ड्रग्स के कारोबार में ज्यादा होता है। इस सिम बॉक्स के जरिए किए गए कॉल के लोकेशन का पता लगाना आसान नहीं होता। बताया जा रहा है कि इस रैकेट का सरगना बांग्लादेसी युवक है।

****

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने इस साल जून में 19 लाख 29 हजार सदस्य जोड़े हैं, जो पिछले साल के इसी महीने की तुलना में सात प्रतिशत से अधिक है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि सदस्यता में हुई इस वृद्धि को बढ़ते रोजगार के अवसर सहित कई कारकों के साथ जोड़कर देखा जा सकता है।

****

कोडरमा के झुमरीतिलैया स्थित बाजार समिति में आलू चिप्स प्लांट की प्रोसेसिंग शुरू हो गई है।

****

चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार विकास की जगह विवाद को स्थान दे रही है। उन्होंने बताया कि रांची के मोरहाबादी मैदान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली निकाली जाएगी।

****

मौसम विभाग ने आज से 23 अगस्त तक राजधानी रांची के अलावा पलामू और कोल्हान प्रमंडल के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 15 जिलों में सामान्य बारिश हुई है।

****

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की ओर से आंध्र प्रदेश में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की टीम उप विजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में झारखंड बालिका फुटबॉल टीम को मणिपुर की टीम ने दो शून्य से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

********समाप्त**********